# UP POLICE – CCTNS



A.C.SHARMA,IPS
DGP ,U.P.

**प्रिय महोदय,**



आप अवगत हैं कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण थानों एवं पुलिस कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण किया जाना है । भारत सरकार के National E-Governance Plan के अन्तर्गत Mission Mode Project के रूप में संचालित यह एक अत्यन्त महत्वाकांक्षी परियोजना है जो अनुबंध के प्राविधानों के अनुसार मार्च 2014 में पूर्ण हो जानी है, तथा इस योजना के प्रथम चरण का शुभारम्भ जनपद मुरादाबाद, गाजीपुर एवं लखनऊ में हो चुका है।



इस योजना के अन्तर्गत थानों/कार्यालयों को कम्प्यूटर हार्डवेयर, यू0पी0एस0, प्रिन्टर/स्कैनर की आपूर्ति के साथ-साथ समस्त थानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 5 केवीए के साइलेन्ट जेनेरेटर भी प्रदान किये जायेंगे। औसतन प्रत्येक थाना/कार्यालय को मिलने वाले 4-4 कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क को जोड़ते हुए इन्हें आपस में कनेक्ट किया जाना है। इसके साथ ही पिछले 10 वर्षो के अपराधों से सम्बन्धित अभिलेखों को System Integrator M/S NIIT Technologies Ltd. द्वारा डिजिटाइज भी किया जाना है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश की विशिष्ट आवश्यकताओं के दृष्टिगत CAS (Core Application Software) को कस्टमाइज करते हुए फारेंसिक एवं लाजिस्टिक माड्यूल को भी इसका अभिन्न अंग बनाया जाना है। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक थानों के सापेक्ष दो पद कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के सृजित किये गये है, जिनके सम्बन्ध में शीघ्र ही भर्ती की प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी।



उपर्युक्त के अतिरिक्त इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस के 62,419 पुलिस कर्मियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप 5 अलग-अलग प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना है। आई0टी0 बेसिक, ट्रबल शूटिंग, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स, एवं रोल बेस्ड ट्रेनिंग से सम्बन्धित इन पाँचों प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रशिक्षण System Integrator द्वारा चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के जनपदों एवं इकाइयों में स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिया जाना है। यद्यपि प्रदेश के 12 प्रशिक्षण केन्द्रों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विगत माह ही आरम्भ हो गया है परन्तु प्रदेश के समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर एक साथ पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम आज दिनांक 13 अगस्त 2012 की प्रातः 1030 बजे से आरम्भ हो रहा है।



यह योजना न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यो को सुविधाजनक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनायेगी, अपितु सूचनाओं के सम्प्रेषण में होने वाले समय एवं संसाधनों के अनावश्यक अपव्यय पर भी विराम लगायेगी। आम नागरिकों की सुविधार्थ प्रदान किये जाने वाले सिटिजन पोर्टल पर जहाँ कोई व्यक्ति किसी भी दूरस्थ स्थान से अपनी शिकायतें/समस्याओं को ऑनलाइन पंजीकृत करा सकेगा, वहीं पासपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र, चरित्र सत्यापन, घरेलू नौकरों के सत्यापन, शस्त्र लाइसेंस के आवेदन सम्बन्धी कार्यो हेतु भी उसे अनावश्यक रूप से थाना/कार्यालयों पर बार-बार आने की आववश्यकता नहीं पड़ेगी।



मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के व्यक्तिगत नेतृत्व एवं निकट पर्यवेक्षण में यह योजना न केवल अपने लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने में सफल होगी बल्कि उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि में सुधार लाते हुए जनता एवं पुलिस के मध्य की दूरी को कम करने में सहायक सिद्ध होगी।

**शुभ कामनाओं के साथ ।**

भवदीय

(ए0सी0 शर्मा )